696137

**D 133658** **(Pages : 4)** **Name.......................................**

**Reg. No...................................**

**FIRST SEMESTER (CUFYUGP) DEGREE EXAMINATION**
**NOVEMBER 2025**

Hindi (Streams offered to : Humanities and other B.A., Languages)

HIN1FA102(1)—HINDI BHASHA MEIN SANCHAR AUR RACHANATMAK LEKHAN KA VIKAS—BHAG I

(Admission Year : 2024 only)

Time : One Hour and a Half Maximum : 50 Marks

**खंड क**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है । अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं :

1 संविधान सभा के सदस्य कैसे चुने गए थे ? और इस सभा के प्रमुख सदस्य कौन कौन थे ?

2 भारतीय संविधान वर्तमान समय में कितने अनुच्छेदों, कितनी अनुसूचियों और कितने भागों में विभाजित है ?

3 प्रेमचंद की कहानियों की मुख्य विशेषताएं लिखिए ।

4 'परदेशी' कहानी हमें कौन-सा संदेश देती है ?

5 'पंच परमेश्वर' मूल रूप से किस विधा की रचना है ? इसका नाट्य रूपांतरण किसने किया ?

6 निम्नलिखित खंड से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनिए ।

मैं ने बच्चों से कहा, ''देखो, ताईजी के मेहमान तीन दिन बाद आ रहे हैं, तुम अपना कमरा साफ कर लो । बगलवाले कमरे ऊं उन्हें ठहराएंगे वे तुम्हारा कमरा देखकर क्या सोचेंगे'' !

7 निम्नलिखित खंड से संज्ञा, सर्व नाम और विशेषण को चुनकर लिखिए ।

खाने का समय सकुशल बीता । सीधा सादा शाकाहारी भोजन था, उसे अच्छा लगा । पानी उबला हुआ था, फिर भी उसने नहीं पिया ।

8 अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

(a) You were angry with me.

(b) His father is a gentleman.

**Turn over**

696137

696137



(c) The milk man is about to come.

(d) The shops were about to be closed.

9 वाक्य संशोधन-

(क) मैं एक फूलों की माला लाऊंगा । (ख) चार लड़के खेल रहा है ।

(ग) तुम एक लड़की है । (घ) आप क्या कर रहे हो ?

10 वार्तालाप तैयार कीजिए :

तीन पीढियां एक छत के नीचे एक कमरे में प्रेम से बैठी है कहीं कोई तनाव नहीं आपके बच्चों को एक नॉर्मल लड़कपन मिल रहा है ।

(16 marks)

## खंड ख

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 6 है । अधिकतम 24 अंक मिल सकते हैं :

11 वैसे कोई चाहे तो जी सकता है

एक नितांत कविता रहित जिंदगी

कर सकता है

कविता रहित प्रेम ।—भाव व्यक्त कीजिए ।

12 जुग जुग जियो अलगु बेटा ! खुदा की रहमत तुझपर बनी रहे ! 'खाला क्यों ऐसा कहती हैं ? संदर्भ समझाइए ।

13 मेरे कानों में

पिघला हुआ शीशा भी

उड़ेल दिया था

मेरी आंखों में

गर्म सलाखें भी

तुम्हारे ही कहने पर

घुसेड़ी गई

मैं ढूंगा माकूल जवाब'' कविता के आधार पर विचार प्रकट कीजिए ।

696137

696137



14 हिन्दी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए ।

जुम्मन : क्या कहती हो खाला, तुम्हें कोई तकलीफ़ दी हमने ?

खाला : तकलीफ़ ! बेटा जब तक मेरी मिल्कियत तुमने अपने नाम न करवा ली, तब तक तो खूब खातिरदारी की ।

जुम्मन : तो अब क्या हो गया ?

खाला : अब क्या हो गया बेटा ! रजिस्ट्री की मोहर लगते ही तुम्हारी बीवी करीमन का रूख़ ही बदल गया । जुम्मन: साफ साफ तो बोलो ।

खाला : (खीझते हुए) और कितना मुंह खोलूं ? क्या तुम नहीं सुनते ? रूखी सूखी रोटी थाली में पटकते तुम्हारी बीवी कैसी खरी खोटी, कड़ुवी बातें सुनाती रहती है ?

15 संक्षेपण कीजिए :

इस संबंध में दो मत नहीं हो सकते कि युद्ध त्याज्य वस्तु है और शांति संसार के लिए आवश्यक और अभीष्ट है । आज यह बात सुनने में शायद आश्चर्यजनक जान पड़े कि अब से कुछ वर्ष पहले तक यद्ध को शांति स्थापना करने का साधन समझा जाता था और कई बड़े बड़े राष्ट्रों का यह विचार था कि वे अपने शास्त्रास्त्रों की संख्या को बढ़ाकर संसार में शांति बनाए रख सकते हैं । परंतु अनुभव ने उनकी धारणा को मिथ्या सिद्ध कर दिया है । युद्ध की सज्जा अंत में युद्ध स्वीकार कर ही छोड़ती । इसलिए यदि युद्ध का बहिष्कार अभीष्ट है, तो

हमें उसका आरंभ अहिंसा और प्रेम की भावना से ही करना होगा । वस्तुत: प्रेम और अहिंसा द्वारा ही न केवल शांति स्थापित की जा सकती है अपितु सारे संसार को एक सुखमय राज्य बनाया जा सकता है । किंतु इसके लिए हमें भगवान बुद्ध के बताए उन्हीं उपदेशों पर आचरण करना होगा, जिन पर अशोक ने किया था । तभी हम भी अशोक की भांति एक सुखमय संसार के निर्माण में योग दे पाएंगे ।

**Turn over**

696137

696137



तादात्म्य का परिणाम उनकी कला ही होती है । किसी तीव्र रागात्मक अनुभूति का कर्म में व्यक्त होना कला में व्यक्त होने वाली तीव्रता को कम कर देता है । सामान्यत: कलाकार अपने व्यक्तिगत अभावों का उपचार भी कर्म में नहीं खांज पाता । परिणाम स्वरूप उत्ऐ कला का सृजन करके भी वह अलौकिक दृष्टि से कुल व्यक्तियों की अवज्ञा का भार वहन करता है । वह तत्पर सहकर्मी नहीं माना जाता है क्योंकि जीवन की विषमता का जो परिहार उनके सृजन में व्यक्त होता है वह स्थायी होने पर भी तुरंत फलदाई नहीं हो सकता । कला मनुष्य के हृदय और बुद्धि को प्रभावित करके ही उसके कर्म को प्रभावित करती है और प्रत्येक को बदलकर ही सबको बदलने में असमर्थ होती है । कलाकार को मनुष्य के रूप में पहचानने केलिए कला और कर्म में एकात्म होना चाहिए ।

(24 marks)

**खंड ग**

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक हैं :

16 'पंच परमेश्वर' के प्रमुख पात्रों के चरित्रगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

17 'स्कूल' कहानी का सारांश लिखकर मां की विवशता तथा मां और बेटे के आत्म संबंध को व्यक्त कीजिए ।

(1 × 10 = 10 marks)

696137